## सार-समाचार

### मंजू सोलंकी का सम्मान 7 को

**जालोर,** (कासं)। जयपुर में अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या 7 मार्च को जयपुर में वैश्विक नारी शक्ति सम्मेलन में जालोर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी को वैश्विक नारी शक्ति शिरोमणी अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। सम्मेलन में कर्म स्थल से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम का प्रतिभा चयन समिति संयोजक जम्मू द्वीप पदम श्री अवार्ड से सम्मानित बौद्ध धर्म के धर्मगुरु लामा छछायो की अनुशंसा पर मंजू सोलंकी पूर्व राजस्थान महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष, पूर्व उपसभापति नगर परिषद जालोर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जालोर राजस्थान को नेपाल सरकार में तीन बार रहे उप प्रधानमंत्री दो बार रहे केंद्रीय गृहमंत्री पूर्व विदेश मंत्री उपेंद्र यादव के कर कमलो द्वारा दुनिया में पहली बार वैश्विक नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य सलाहकार एडवोकेट कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि वैश्विक नई सम्मेलन में 192 राष्ट्र का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। वैश्विक नारी शक्ति शिरोमणी अवॉर्ड में 22 राष्ट्रों की प्रतिभाओं का सम्मान में मंजू सोलंकी का भी अभिनंदन किया जाएगा। सम्मेलन को राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि संबोधन करेंगे। सम्मेलन में मुख्य आकर्षण अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा 45 करोड देवदूतों का प्रयागराज महाकुंभ 2025 में चरण वंदन चरण प्रक्षालन का प्रतिवेदन संयुक्त राष्ट्र संघ को विश्व में शांति पंचशील सिद्धांत रहेगा। प्रतिवेदन नेपाल सरकार भारत सरकार के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र को वासुदेव कुटुंबकम के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

### एकाग्रता से सफलता मिलती : गर्ग

**जालोर,** (कासं)। निकटवर्ती सरदारगढ के राउमावि में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती के शरणों में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान मंच संचालन करते हुए हिम्मत खान ने छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य की ओर बढने के लिए प्रोत्साहित किया। बता दे बालिकाओं की ओर से कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिसमें नृत्य, गीत और नाटिकाओं ने समां बांधा तों वही विदाई समारोह छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय से मिली सीख को अपनी सफलता का आधार बताया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य मदनलाल गर्ग ने छात्रों को संबोधित करते हुए बोर्ड परीक्षा महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम करने का आव्हान किया। साथ ही बताया कि एकाग्रता से अध्ययन करने पर ही सफलता मिलती है। उसी आशाओं के साथ शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर उनका सम्मान किया। और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक अर्जुनसिंह, खेताराम चौधरी, अशोक कुमार पुरोहित, अरविंद कुमार, राम सिंह, हंसा राम चौधरी, हरि राम, रश्मि कंवर, उर्मिला सोलंकी, जोगाराम, अचलाराम मेघवाल, रमेश कुमार स्कुल के छात्र-छात्राएं एवं लोग मौजूद रहे।

### स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा के निकट कल्याणपुर कस्बे में मारवाड कोचिंग सेंटर कल्याणपुर के तत्वावधान में आदिवासी सांस्कृतिक एवं स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों ने एकलव्य, टंटया मामा, वाल्मीकि एवं बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ शा. शिक्षक गुलाब सिंह सरवडा ने बताया कि भील समाज आज के समय में कही न कही शिक्षा से वंचित है। उनको शिक्षा के प्रति जागरूक होने का बताया। वरिष्ठ अतिथि अमानाराम पंचारिया ने बताया कि समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजाराम पटेल ने बताया कि शिक्षा ही उन्नति का प्रतिक है। विशिष्ट अतिथि हुकमाराम प्रजापत नर्सिंग कर्मचारी, नाथाराम सुजाराम देवपाल सरवडी, तथा समाज बन्धु पेमाराम अध्यापक चारलाई खुर्द विकास रूपाराम भंवराराम बीजाराम भीमाराम रमेश चेनाराम सोहन दिनेश पाबुराम चेतानराम देवासी अशोक सेन। मारवाड कोचिंग सेंटर के समस्त विद्यार्थियो द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियो की प्रस्तुती दी साथ ही भामाशाहों द्वारा पुरस्कार वितरित किए तथा संचालक चन्द्राराम राणा आभार ज्ञापित किया।

### जसंवतपुरा में सहकारी बैंक का शुभारंभ कल

**जालोर,** (कासं)। जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि., की अठारहवीं शाखा जसवंतपुरा जिला जालोर का शुभारम्भ सोमवार दोपहर 3 बजे कलापुरा चोराहा, जसवंतपुरा जिला जालोर में होगा। बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर ने बताया कि उक्त समारोह में पावन सानिध्य महंत सुखदेव गिरी जी महाराज, जसवंतपुरा मठ का रहेगा। मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप के. गावंडे जिला कलेक्टर, जालोर होंगे। विशिष्ठ अतिथि विमला चौहान प्रधान, जसवंतपुरा, रामलाल मीणा उपखण्ड अधिकारी, जसवंतपुरा एवं चम्पादेवी प्रजापत सरपंच जसवंतपुरा होगी। पाराशर ने बताया कि बैंक का कार्य क्षैत्र वर्तमान में जालोर, सिरोही, पाली, बाडमेर एवं बालोतरा जिलो में हैं। सम्पूर्ण राजस्थान में (श्री गंगानगर एवं हनुमानगढ़ को छोडकर) बैंक का कार्य क्षैत्र के विस्तारित की औपचारिकताएँ प्रक्रियाधीन हैं। प्रस्तावित शाखा जसवंतपुरा में एटीएम, मोबाईल बैकिंग, यूपीआई सेवा व लॉकर्स सुविधाओं का लाभ क्षैत्रवासी प्राप्त कर सकेगें। साथ ही अत्यंत प्रतिस्पद्धी ब्याज दरों पर पात्र ग्राहकों/सदस्यों को बैंक की विभिन्न योजनाओं में ऋण सुविधा भी उपलब्ध करवाई जावेगी।

### थ्रो बॉल एसोसिएशन की बैठक

**जालोर,** (कासं)। चित्रा होटल,न्यु बस स्टैण्ड के पास थ्रो बॉल एसोसिएशन,जालौर की बैठक जिला अध्यक्ष छगन आर्य के निर्देशन एवं महिला विंग चैयरमेन सुनिता गुर्जर के निर्देशन में आयोजित हुई। बैठक में आर्य ने बताया कि थ्रो बॉल खेल को डेवलप करने पर प्रकाश डालते हुए और साथ में जिला स्तर, ब्लाक स्तर, खंड स्तर प्रभारी नियुक्त करने के निर्देश दिए साथ ही थ्रो बॉल टीम प्रभारी भंवरी कुमारी बालवाडा के आकस्मिक निधन पर शौक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।। बैठक में जिला पदाधिकारी के रुप में पारस गार्गी थरूडा, जोगाराम सरगरा, महेंद्र सरगरा, गमनाराम मीणा, सांवलाराम राणा, जीवाराम पालीवाल, आदि उपस्थित थे। यह जानकारी जिला सह सचिव भंवर सिंह भाटी ने दी।

### आयुर्वेद विश्वविद्यालय का समारोह 21 को

**जोधपुर,** (कासं)। आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर का अष्टम् दीक्षांत समारोह 21 को आयोजित किया जाएगा। इसमें आयुर्वेद, होम्योपैथी ,यूनानी ,योग नेचुरोपैथी एवं बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद के 1425 स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी। मीडिया प्रभारी डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर का अष्टम दीक्षांत समारोह 21 मार्च 2025 को आयोजित होना प्रस्तावित है। परीक्षा नियंत्रक डॉ राजाराम अठावाल ने बताया कि कुलाधिपति द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा पी.एच.डी आयुर्वेद के 17, एमडी/एमएस आयुर्वेद -119 ,एमडी होम्योपैथी-19,बी.ए.एम.एस- 715 ,बी.एच.एम.एस-227, बीयूएमएस-15,बी एन वाई एस -97 एवं बी.एस.सी आयुर्वेद नर्सिंग के 74 कुल 1425 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

### टिम्बर व्यवसाय आज बंद रहेगा

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर ईमारती लकडी व्यापारी संस्थान के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक बासनी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा टिम्बर पर कृषि मंडी शुल्क व कृषक कल्याण सेस लगाने का पुरजोर विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर उसे कृषि उत्पाद से हटाने की मांग की। संस्थान के सचिव ललित चोपड़ा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि टिम्बर व्यापार पर कृषि मंडी शुल्क व कृषक कल्याण सेस थोपने के विरोध में रविवार, 2 मार्च को जोधपुर के समस्त टिम्बर व्यवसायी अपना व्यापार बंद रखकर विरोध दर्ज कराएंगे तथा राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चल रहे आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया जाएगा। ज्ञापन में बताया कि इमारती लकड़ी उत्पादन कृषि श्रेणी में नहीं आता है, जबकि राज्य सरकार द्वारा जबदरस्ती कृषि मंडी कर व सेस लगाया गया है तथा कृषि मंडी की सुविधा इसके लिए उपलब्ध भी नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि इमारती लकड़ी उत्पाद को कृषि श्रेणी से हटाकर वन उत्पाद श्रेणी में रखा जाए।

# महाकुंभ से लौटने पर सैनाचार्य अचलानंद गिरी का स्वागत

**जोधपुर,** (का.सं.)। प्रयागराज महाकुंभ से जोधपुर पहुंचने पर जुगल जोडी श्री बाबा रामदेव मंदिर राई का बाग जोधपुर में सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरि का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। सबसे पहले पूर्व महारानी हेमलता राज्य ने माल्यार्पण कर स्वागत किया व सम्मान किया और महाकुंभ से लौटने पर शुभकामनाएं दी।

सैनाचार्य महाराज के प्रतिनिधि रघुवीर सिंह भदावत ने बताया की अखिल भारतीय सैन भक्ति पीठ की ओर से सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरि जी महाराज के सान्निध्य व मार्गदर्शन में प्रयागराज महाकुंभ के दौरान 13 जनवरी से 26 फरवरी तक विशाल अन्न क्षेत्र संत सेवा शिविर आयोजित किया गया। लगभग 50 दिनों तक आयोजित इस शिविर में प्रतिदिन हजारों लोगों के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था निःशुल्क की गई। इस बार का शिविर ऐतिहासिक व अविस्मरणीय रहा, जिसमें लाखों लोग लाभान्वित हुए।

आमजन की सेवा कर सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरि महाराज 1 मार्च को जोधपुर लौट हैं। जोधपुर पहुंचने पर महारानी हेमलता राज्ये ने सबसे पहले माल्यार्पण कर सैनाचार्य का महाकुंभ से लौटने पर स्वागत व सम्मान किया। सैनाचारी ने इस अवसर पर पूर्व महाराजा गज सिंह व हेमलता राज्ये का आभार व्यक्त किया और कहा कि इनका आशीर्वाद हमेशा बना रहता है।

इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश बुगालिया संत हरिराम शास्त्री, झोपडी बालाजी मंदिर के उपासक शंकर लाल महाराज, कल्याण सिंह राठौड़, सुरेश बुगालिया, पार्षद रेंवत सिंह इंदा ,शिवम रत्नू, जसवंत सिंह इंदा ,महावीर सिंह गंठिया, सुमेर सिंह राजपुरोहित ,गणपत सिंह राजपुरोहित , गौरव सिंह, नयन चौहान, नरेंद्र पंवार, गौरव बागडी, पुनीत अग्रवाल ,नरपत सिंह राजपुरोहित , छोटू सिंह राठौड ,मदन सेन ,रमेश तिवारी , श्याम बाबू आदि भक्तों ने स्वागत अभिनंदन किया। महिलाओं ने आरती की। जगह-जगह पुष्प वर्षा हुई। ढोल , थाली, बैंड से स्वागत किया।



प्रयागराज महाकुंभ से जोधपुर पहुंचने पर सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरि का अभिनंदन पूर्व महारानी हेमलता राज्ये सहित लोगों ने किया।

# सर्व हिन्दू समाज ने 6 जोड़ों को परिणय सूत्र में बांधा

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। सेवा भारती जैसलमेर के तत्वाधान में जैसलमेर जिले में दूसरी बार हिन्दू समाज को एकीकृत करने वाले आयोजन सामूहिक विवाह मुक्तेश्वर महादेव मन्दिर में सम्पन्न किया गया।

सेवा भारती के संरक्षक डॉ. दाऊलाल शर्मा ने बताया कि इस बार हमें 6 जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करवाने का अवसर मिला तथा हमने इस आयोजन को केवल वैवाहिक आयोजन ही न रखकर हिन्दू समाज की एकता एवं अखण्डता को समाज के सामने प्रदर्शित करने का आयोजन बना दिया और वैवाहिक कार्यक्रम के मेहमानों के साथ जैसलमेर के सभी हिन्दू एक साथ विवाह कार्यक्रम में शामिल तो हुए ही उन्होंने अपनी ओर से व्यवस्थाओं में सहयोग भी किया।

सेवा भारती के प्रान्त संरक्षक चन्द्रभान खत्री ने बताया कि सेवा भारती वर्षो से सेवा कार्य के माध्यम से हिन्दू समाज में समरस बनाने हेतु कार्य कर रही है तथा सभी सेवा कार्यों का निचोड़ यह सामूहिक विवाह हैं जिसमें सभी को एक साथ स्थान देकर मान सम्मान दिया जा रहा है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष जगदीश चाण्डक (कोटड़ी) ने बताया कि प्रातः 9:30 बजे गीता आश्रम से भव्य बन्दौली प्रारम्भ हुई जिसमें 6 दूल्हे घोड़ों पर सवार हुए तथा सर्व हिन्दू समाज के बंधु बाराती बने। बन्दौली हनुमान चौराहा से गोपा चौक होते हुए 11 बजे मुक्तेश्वर महादेव मन्दिर पहुंची जहां पर गणमान्य बन्धुओं एवं भगिनियों द्वारा सभी का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

तोरण के पश्चात् सभी को कार्यक्रम स्थल पर बिठाया गया। कार्यक्रम के अतिथि जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, परम पूज्य नारायण भारतीजी महाराज, वरिष्ठ प्रचारक नन्दलालजी (बाबाजी), सीमा जागरण मंच के नीम्बसिंह, सीमाजन कल्याण समिति के स्वरूपदान, सहविभाग संघचालक अमृतलाल दैया, विभाग प्रचारक जगदीश, सह जिला संघचालक पूराराम, सेवा भारती के चंपत मिस्त्री, निवर्तमान सभापति हरिवल्लभ कल्ला, पूर्व सभापति कविता खत्री, त्रिलोकचन्द खत्री, मुरलीधर खत्री, मूलचन्द खत्री, हरिराम खत्री ने मंचासीन होकर वर वधू को अशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नन्दलालजी बाबाजी ने आशीर्वाद स्वरूप सभी दम्पत्तियों नवजीवन में प्रवेश के महत्व इंगित करते हुए भारतीय संस्कृति के मूल परम्परा के पुनः उद्भव होने का समारोह बताया जिसमें हो रहे विवाह समारोह में अपनी बेटी की तरह वधू को आशीर्वाद देने हेतु पूरे शहर से लोग उमड़े हो और किसी प्रकार का भेद कर पाना कठिन हो।

सेवा भारती के अध्यक्ष हीरालाल साधवानी ने बताया कि सेवा भारती जिले में 10 बाल संस्कार केन्द्र चला रही है जिसके संस्कारित बच्चों ने धार्मिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सभी के मनों को खुशहाल बनाने का काम किया तथा उसके बाद हुई भव्य वरमाला कार्यक्रम में जयकारों से पाण्डाल गूंज उठा।

आयोजन समिति के उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि दोपहर 1:30 बजे पण्डित राजेन्द्र अवस्थी के नेतृत्व में पाणिग्रहण संस्कार का कार्यक्रम प्रारम्भ किया। जिसमें पूर्ण वैदिक विधि विधान एवं रीति रिवाज से नव दम्पत्तियों को सात जन्मों के बन्धन में बान्धा गया।

दम्पत्तियों के परिवारजनों ने प्रथम बार इस तरह वैदिक विवाह समारोह में शामिल होने पर तथा उनके परिवार को ऐसे आयोजन में लाभार्थी बनने का सौभाग्य मिलने पर आयोजन समिति को धन्यवाद दिया और आयोजन समिति से ऐसे आयोजनों से बिखरे हु ए हिन्दू समाज को एक कर उन्हें हिन्दुत्व की माला में पिरोने का आठाह किया।

सेवा भारती के उपाध्यक्ष डॉ. दामोदर खत्री के मार्गदर्शन में भोजन व्यवस्था का नियोजन किया जिसमें सभी मेहमानों एवं पधारे हुए नगर वासियों को बैठकर तथा मनुहार के साथ भोजन करवाया गया।

आयोजन समिति के मंत्री नवीन भाटिया ने आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं को सुखद बनाने हेतु कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया तथा सभी पधारे हुए मेहमानों को आभार के साथ पुनः ऐसे भव्य आयोजन में शामिल होने तथा भविष्य में इससे भी बड़े आयोजन करने को लेकर सहयोग की अपील की।

# नियम नहीं मानने पर ऑनलाइन आएगा चालान

**पाली,** (नि.सं.)। पाली ट्रैफिक पुलिस को दो इंटरसेप्टर बाइक (नाइट विजन स्पीड गन बाइक) मिली है। अत्याधिकन सुविधाओं से लेंस इस बाइक के जरिए दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे में भी तेज स्पीड से जा रहे वाहन चालकों के चालान काटे जा सकेंगे। इनका उपयोग हाइवे से लेकर शहरी क्षेत्र में किया जाएगा।

खास बात यह है कि चालान काटने को लेकर अब ट्रैफिक पुलिस आपसे उलझेगी नहीं। सीधे मोबाइल पर चालान कटने का मैसेज आएंगा। और चालान की राशि नहीं भरने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

हाई तकनीक वाली है बाइक ,ऑफिस में लगे पीसी सॉफ्टवेयर के जरिए ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इस लेजर गन में ऑप्टिकल जूम लैस से बेहतर रिजोलेशन की फोटो एवं विडियो मिल सकेंगे।

वाईफाई फील्ड प्रिटिंग फंक्शन की सुविधा से लैस है। लेजर गन द्वारा न्यूनतम 5 मीटर से अधिकतम 1600 मीटर की दूरी से खुद ही फोकस किया जा सकता है। ऑटो ब्राइटनेस कन्ट्रोल से डे-टाईम में कार्रवाई की जा सकेगी।

बाइक को तंग गलियों में भी ले जाना आसान होगा बाइक पर लगी लेजर गन नाइट विजन से युक्त है। बाइक को तंग गलियों में भी ले जाना सुविधाजनक रहेगा। इंटरसेप्टर पर लगा कैमरा वाहन के ओवर स्पीड में होने की स्थिति में ऑनलाइन चालान जनरेट कर मोबाइल पर भेज देगा।

पाली यातायात पुलिस प्रभारी हिंगलाजदान चारण ने बताया कि दो बाइक प्राप्त हुई है। सड़क हादसों में कमी लाना उद्देश्य है।

इसके जरिए शहरी क्षेत्र में ओवर स्पीड चलने वाले वाहन चालकों पर लगाम लगाने के लिए चालान काटे जा सकेंगे। जिससे की वाहन चालक गाड़ी ओवर स्पीड चलाने से बचे और सड़क हादसे भी कम हो।



पाली में ट्रैफिक पुलिस को दो इंटरसेप्टर बाइक ( नाइट विजन स्पीड गन बाइक ) मिली है। फोटो-राष्ट्रदूत

## कृषि वि.वि. में किसान मेला आज

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार बड़े स्तर पर आयोजित हो रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेले में देश की ख्यातिनाम प्रसिद्ध हस्तियां शिरकत कर किसानों को प्रोत्साहित करेंगी। इनमें विभिन्न पदमश्री एवं देश विदेश में भारत का नाम रोशन कर चुकी शख्सियत शामिल होंगी।

विश्वविद्यालय में दो से चार मार्च को आयोजित होने वाले मेले के आयोजन को लेकर की गई महत्वपूर्ण बैठक के दौरान अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि मेले के दौरान किसानों को एंटरप्रेन्योरशिप में सफलता एवं प्रेरणा देने के लिए दो व तीन मार्च को देश भर की मशहूर हस्तियां उनसे रूबरू होंगी। इनमें पारंपरिक हस्तकला क्षेत्र में भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन करने वाली नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित रूमा देवी, नामचीन पर्यावरणविद, पदमश्री हिम्मता राम भांभू, एंटरप्रेन्योर व मास्टरशेफ कौशल्या चौधरी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रैगन फ्रूट के प्रोडक्शन एवं जैविक खेती के लिए मशहूर हेमेंद्र सिंह, किन्नु के लिए जाने जाने वाले हीर सिंह खजूर उत्पादक से प्रसिद्ध हुए सादुलाराम सहित करोड़ों का टर्नओवर लेने वाले प्रगतिशील किसान एवं अन्य एंटरप्रेन्योर शामिल होंगे। बैठक के दौरान कुलपति ने अधिकारियों को निर्देश दिए मिले के दौरान कमर्शियल वैल्यू रखने वाली फसलों की किसानों को अधिक से अधिक जानकारी एवं उन्नत किस्मों से रूबरू करवाया जाए। उन्होंने कहा कि मेले का उद्देश्य किसानों को कृषि एवं इस से संबद्ध क्षेत्रों की नव तकनीकियों से उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है।

कुल सचिव निशु कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि दो मार्च को मेले के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी शामिल होंगे। दूसरे दिन कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा शिरकत करेंगे। समापन समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे।

# नजर आया, रमजान उल मुबारक का चांद

**पाली,** (नि.सं.)।पाली जिला मुस्लिम समाज जिला चांद हिलाल कमेटी की एक अहम बैठक आज शनिवार को मुस्लिम मुसाफिर खाना पाली में अस्त्र की नमाज के बाद हुई जिसमें रमजान का चांद नजर आने का ऐलान मगरिब की नमाज के बाद जिला हिलाल कमेटी के सदर मौलाना अब्दुल सत्तार कादरी ने किया।

पाली जिला मुस्लिम समाज के प्रवक्ता शकील अहमद नागौरी ने बताया कि शनिवार को रमज़ान मुबारक महीने का चांद दिखाई देते ही मुस्लिम समाज मे हर्ष की लहर फैल गई चांद देखने की दुआओं के साथ एक दुसरे को गले मिल मुसफाह कर रमजान के मुबारक महीने की आमद के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज के पाली जिला हिलाल कमेटी सदर मौलाना अब्दुल सत्तार कादरी पेश इमाम मुस्लिम मुसाफिर खाना मस्जिद ,मौलाना खलील अहमद अकबरी ,मौलाना मुश्ताक अहमद कादरी ,मौलाना दानीश कफील ,मौलाना इकबाल हशमती ,मौलाना रफीक रिजवी ,मौलाना इंसाफ अली ,मौलाना शरीफ ,हाफिज इस्माइल , हाफिज यूसुफ साहब , मौलाना इदरीश रजा , मौलाना अंसार अहमद , हाफिज मोहम्मद इस्माइल, मौलाना बशीर साहब के साथ जिला मुस्लिम समाज के सदर हकीम भाई , सेकेट्री रफीक गौरी , जिला कांठोसअध्यक्ष अजीज दर्द , हाजी मेहबूब टी बाजार मंडल अध्यक्ष शकील अहमद नागौरी , सहित मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों ने मुस्लिम समाज को पवित्र रमजान महीने के चांद दिखाई देने पर मुबारकबाद पेश की।

मगरिब की नमाज अदा करने के बाद मोमिनों ने अपने अपने घरों की और रुख किया व अपने घरों में पहुँच कर अपने बड़े बुजुर्गों से दुआएं ली व सेहरी की तैयारियों के साथ पहली तरावीह अदा करने में जुटे रहे। शनिवार रात को शहर के साथ जिले की सभी मस्जिदों में ईशा की नमाज के साथ पहली तरावीह अदा की गई। रविवार अल सुबह 5 बज कर 37 मिनट पर रमजान की पहली सेहरी का वक्त खत्म होने का ऐलान होते ही मुस्लिम समाज के युवा बड़े बुजुर्गों के साथ महिलाओं व बच्चो ने सेहरी का खाना पीना बंद कर अल्लाह की बारगाह में रोजा रखने की नीयत कर पहला रोजा रखा। आज रविवार को पहला रोजा इफ्तार का वक्त शाम 6 बजकर 41 मिनट रहेगा व सोमवार को सेहरी बंद होने का वक्त 5 बजकर 36 मिनट व इफ्तार व वक्त 6 बजकर 42 मिनट रहेगा।

## रमजान मुबारक का आगाज आज से

**जोधपुर,** (कासं)। बरकत के पाक महीने रमजान मुबारक का आगाज 2 मार्च को पहले रोजे के साथ होगा।

रूयत-ए-हिलाल चांद कमेटी के अध्यक्ष शहर काजी मोहम्मद तय्यब अंसारी और मुफ्ती-ए-राजस्थान मौलाना शेर मोहम्मद खान रिजवी ने इसका ऐलान करते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम रमजान के पाक महीने का चांद नजर नहीं आया। जिसके आधार पर खैरो बरकत के पाक महीने रमजान मुबारक का पहला रोजा रविवार 2 मार्च को होगा।

उन्होंने सभी को रमजान की मुबारकबाद पेश करते हुए अपील की है कि इस पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा नमाज, नफिल नमाज, कुरान की तिलावत में वक्त गुजारें और मुल्क व शहर में अम्नो अमान की दुआ भी करें। उन्होंने आमजन से अपील की है कि मौसम में गर्मी बढ़ना शुरू हो चुकी है इसलिए रमजान में बेवजह बाहर न निकलें और मस्जिदों का अदब करें, मस्जिदों में बेवजह न ठहरें, केवल इबादत के लिए ही रूकें। रविवार को पहले रोजे का वक्त जोधपुर शहर में खत्म सेहरी 5:38 बजे, इफ्तार 6:42 बजे और सोमवार को खत्म सेहरी का वक्त 5:37 बजे दारुल उलूम इस्हाकिया के अनुसार रहेगा।

# दीक्षा जयंती पर आज कई कार्यक्रम

**जोधपुर,** (कासं)। श्रमण संघ के तृतीय पट्टधर आचार्य सम्राट देवेंद्र मुनि म.सा. की दीक्षा जयंती रविवार को कई धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाई जाएगी।

श्रमण संघीय प्रवर्तक डॉ. राजेन्द्र मुनि ने बताया कि संघ के उपाध्याय रमेश मुनि म.सा. की सद्प्रेरणा से पाल रोड स्थित मरूधर केसरी नगर में स्थित श्री गुरू पुष्कर देवेंद्र साधना केंद्र में आयोजित श्रमण संघ के तृतीय पट्टधर आचार्य देवेंद्र मुनि की दीक्षा जयंती के उपलक्ष में रविवार को प्रातः 9 बजे से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुनि ने बताया कि कार्यक्रमों में सामूहिक विशाल जाप, गुणानुवाद सभा व सामूहिक सामायिक साधना का आयोजन वृहद स्तर पर होगा।

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जोधपुर के अलावा चैन्नई, कोलकाता, दिल्ली, बैंगलोर, जयपुर, पीपाड, भीलवाडा, उदयपुर, बीकानेर, पाली व आस पास के शहर गांवों से गुरू भक्त जोधपुर पहुंच चुके है।

# क्रीड़ा महाकुंभ 2025 का समापन

**जालोर,** (कासं)। सेंट एन्स सैकेंडरी स्कूल जालोर की ओर से आयोजित तीन दिवसीय क्रीडा महाकुंभ 2025 का समापन समारोह शनिवार को भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि किस्तूरा राम बामनिया सीबीईओ जालोर थे, जिनका विद्यालय के प्राचार्य किशोर राजपुरोहित द्वारा सम्मान किया गया। विशेष अतिथि के रूप में अनिल शर्मा, राजेंद्र भुतडा, मानवेंद्र सिंह राजपुरोहित और हितेश कुमावत उपस्थित रहे। इस क्रीडा महाकुंभ में सीनियर वर्ग के छात्रों ने क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, सेवन स्टोन, रस्सा कस्सी और एथलेटिक्स में भाग लिया। वहीं जूनियर वर्ग के बच्चों के लिए नींबू दौड, म्यूजिकल चेयर, बोरी दौड आदि मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। सभी खिलाडियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ खेल भावना का प्रदर्शन किया और दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ खिलाडयों का हौसला बढाया। समापन समारोह में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों और टीमों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि किस्तूरा राम बामनिया ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम वर्क और आत्मनिर्भरता का पाठ पढाता है। यह देखकर हर्ष होता है कि सेंट एन्स स्कूल विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ऐसे आयोजन कर रहा है। उन्होंने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाडियों को बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अनिल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में जहां डिजिटल तकनीक ने हमारी दिनचर्या में जगह बना ली है, वहीं खेलों का महत्व और भी बढ गया है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन भी बनाए रखते हैं।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को अनुशासन और टीम भावना सिखाने का एक उत्तम साधन हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों और आयोजन समिति को सफल क्रीडा महाकुंभ के लिए शुभकामनाएं दीं और छात्रों से आग्रह किया कि वे खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। प्राचार्य किशोर राजपुरोहित ने सभी खिलाडियों, शिक्षकों और आयोजन समिति को सफल क्रीडा महाकुंभ के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि छात्रों को खेलों के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी और छात्रों को जीवन में खेलों को अपनाने की सलाह दी। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि किस्तूरा राम बामनिया ने क्रीडा महाकुंभ 2025 के सफल समापन की औपचारिक घोषणा की और सभी को अगले वर्ष और भव्य आयोजन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण पिंकी राजपुरोहित, भगवती सुंदेशा, अविनाश, मीनाक्षी, वशिष्ठ , सपना, शीतल , कविता, रेखा, कृष्णा , कोमल , लता, किरण दीपक , ईश्वर , अशोक, तरुण आदि उपस्थित रहे।



सेंट एन्स सैकेंडरी स्कूल जालोर की ओर से तीन दिवसीय क्रीड़ा महाकुंभ 2025 का समापन समारोह भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

# थाने का शैक्षणिक भ्रमण

**जोधपुर,** (कासं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 (सेना) के विद्यार्थियों ने स्टूडेंट-पुलिस कैडेट प्रोग्राम के तहत फोरेंसिक साइंस लैब, सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय और मंडोर पुलिस थाना का शैक्षिणक दौरा किया।

इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपराध जांच और कानून प्रवर्तन की बारीकियों से अवगत कराना था। फोरेंसिक साइंस लैब में छात्रों ने दस्तावेज़ों की जांच (हस्ताक्षर सत्यापन), डीएनए परीक्षण और साइबर फॉरेंसिक जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को देखा और विशेषज्ञों से उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जाना।

पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में विद्यार्थियों को पुलिस की शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण प्रक्रियाओं, आत्मरक्षा तकनीकों और आधुनिक अपराध रोकथाम उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने अनुशासन और जिम्मेदारी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इसके बाद पुलिस स्टेशन का भ्रमण किया गया, जहां छात्रों ने एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली और समाज में पुलिस की भूमिका को करीब से समझा।

# ओलावृष्टि से फसल खराबे की शीघ्र गिरदावरी करवाने के दिए निर्देश

**भरतपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को भरतपुर के जिला कलक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न जिला कलक्टरों से ओलावृष्टि पर वार्ता की। उन्होंने जिला कलक्टर्स से विगत दिनों

- **मुख्यमंत्री ने प्रभावित जिलों की स्थिति की कलेक्टर्स के साथ की समीक्षा, मांगी रिपोर्ट**

कुछ जिलों में हुई ओलावृष्टि एवं इससे हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली।

शर्मा ने राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव को निर्देश दिए कि ओलावृष्टि से प्रभावित जिलों में फसल खराबे का आकलन करने के लिए शीघ्र गिरदावरी करवाई जाए। मुख्यमंत्री ने सीकर, चूरू, बीकानेर, झुंझुनूं, एवं खैरथल-तिजारा के जिला कलक्टर को निर्देशित किया कि गिरदावरी करवाकर रिपोर्ट शीघ्र भेजें।

उन्होंने 7डी रिपोर्ट को भी 5 मार्च तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए,जिससे प्रभावित किसानों को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के फंड से तुरंत मुआवजा दिया जा सके।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही, अतिरिक्त मुख्य सचिव आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा आनंद कुमार, बीकानेर संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर, जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम भीवीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को भरतपुर के जिला कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न जिला कलेक्टरों से ओलावृष्टि पर वार्ता की।**

## स्मैक की सप्लाई करने वाला पकड़ा

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की सप्लाई करने वाले तोफिक उर्फ मामा को गिरफ्तार कर उसके पास से 22.10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की सप्लाई करने वाले तोफिक उर्फ मामा निवासी पुन्हा जिला नूह (हरियाणा) हाल भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 22.10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।



**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ शनिवार को चौमूं के जयसिंहपुरा पहुंचकर स्व.रोशन यादव के परिजनों को सांत्वना प्रदान की। रोशन यादव की असामयिक निधन पर उनके निवास स्थान पर शोकसभा में पहुंचे। राठौड़ ने पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मदन राठौड़ के सहयोगी प्रभुदयाल यादव के ममेरे भाई रोशन यादव का सड़क दुर्घटना निधन हो गया था।**

# फुलेरा दूज पर यादव समाज के 65 जोड़े बने एक-दूजे के हमसफर




**फुलेरा दूज के अवसर पर शनिवार को रामसिंह पुरा, सांगानेर जयपुर में यादव समाज का 12वा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव सहित अन्य अतिथियों ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया।**

**जयपुर।** फुलेरा दूज के अवसर पर शनिवार को रामसिंह पुरा, सांगानेर जयपुर में यादव समाज का 12वा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। विवाह सम्मेलन के मीडिया प्रभारी एवं खेल बोर्ड के पूर्व सदस्य हरीश यादव ने बताया कि विवाह सम्मेलन सम्मेलन में 65 जोड़े वर वधु दांपत्य जीवन में जीवनसाथी बने।

कार्यक्रम में राजस्थान यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉक्टर करण सिंह यादव, कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, यादव समाज के कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र यादव, कार्यकारी अध्यक्ष हरसहाय यादव, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विधायक मनीष यादव, विधायक बालमुकुंद आचार्य, विधायक कैलाश वर्मा, हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, यादव युवा महासभा के अध्यक्ष मदन यादव, जिला अध्यक्ष सरदार सिंह यादव, श्री कृष्णा सामाजिक उत्थान संस्था के अध्यक्ष लालचंद यादव, सम्मेलन के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश गंडवाल, कैलाश गोठवाल, गंगाराम, गणेश चितौसिया, ओमप्रकाश चितौसिया आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में संपूर्ण भोजन की व्यवस्था भामाशाह हीरालाल शिवनारायण भंगार द्वारा की गई।

हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने वर वधू को भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए कहा कि विवाह दो आत्माओं का मिलन है। विवाह के बाद केवल वर वधु ही नहीं अपितु दो परिवार भी एक होते है। अपने जीवनसाथी के लिए हमेशा समर्पण भाव रखना चाहिए।

इस अवसर पर संस्था के महामंत्री गणपत यादव पूर्व पार्षद अजय यादव कज़ोड़ यादव भामाशाह रामनिवास यादव भामाशाह शंकर यादव महिला कार्यकर्ता कोमल यादव मधु यादव शारदा यादव रितु यादव एडवोकेट लालचंद यादव प्रभु यादव सहित समाज के लगभग 20 हजार नागरिक विवाह सम्मेलन में मौजूद रहे।

# पिता-बेटे से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरफ्तार

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में पिता-बेटे से लूट की वारदात को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने पहले चाकू की नोक पर पिता से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करवाए। फिर बेटे को कॉल कर पिता का एक्सीडेंट होना बताकर रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों बदमाशों को दबिश देकर गिरफ्तारकर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग बाइक भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार बुडानिया ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने बाइक सवार दो बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में पिता-बेटे से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी सोनू अंसारी (19) निवासी बरेली उत्तर प्रदेश हाल मंगल विहार कॉलोनी मालपुरा गेट व उसके साथी को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों बदमाशों को चिह्नित कर दबिश देकर पकड़ा है। इनके कब्जे से लूट में यूज बाइक बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ में कई अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना जताई गई है।

बिंदायका के रहने वाले नरपत बोहरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके पिताजी दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। 26 जनवरी को सुबह करीब 8.30 बजे वह घर से मजदूरी करने के लिए निकले थे। दोपहर करीब 12.30 बजे उसके पास पिता के मोबाइल नंबर से कॉल आया।

कॉल करने वाले ने बताया कि तुम्हारे पिताजी के साथ मजदूरी करता हूं। तुम्हारे पिताजी 5वीं मंजिल से नीचे गिर गए है, जिनको तुरंत एसएमएस हॉस्पिटल लेकर जाने की कहकर एमआरआई और एम्बुलेंस के लिए 5 हजार रुपए मांगे। बताए गए मोबाइल नंबर पर 5 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। पिता को देखने के लिए हॉस्पिटल के लिए निकलने पर हाथोज मोड़ पहुंचा। वहां पिता खड़े हुए मिलने पर बातचीत की। पिता ने बताया कि सिवार मोड पर मजदूरी के लिए खड़ा होने के दौरान बाइक पर एक लड़का आया। साथ में मजदूरी करने की कहकर अपने साथ ले गया। हाथोज मोड़ से पहले रोककर चाकू दिखाकर जबरन मोबाइल छीन लिया। मोबाइल से ऑनलाइन 5 हजार रुपए ट्रांसफर कर लूट लिए। उसके बाद मोबाइल व बाइक लेकर फरार हो गया।



**बिंदायका थाना पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में पिता-बेटे से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तारकिया है।**

## सूरत अग्नि विभीषिका में नुकसान की भरपाई के लिये मुआवजा देने का आग्रह

**जयपुर।** भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल को पत्र लिखकर सूरत अग्नि विभीषिका में राजस्थानी व्यापारियों के नुकसान की भरपाई हेतु मुआवजा या आर्थिक पैकेज देने का आग्रह किया है।

सतीश पूनिया ने भूपेंद्र भाई पटेल को पत्र में लिखा कि, गुजरात प्रदेश के सूरत शहर में स्थित शिवशक्ति टैक्सटाईल मार्केट में 26 फरवरी को आग लगने की घटना घटित हुई जिसने विकराल रूप धारण कर लिया। उक्त अग्नि विभीषिका से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों की लगभग 200 से 300 दुकानें पूर्णतया जलकर नष्ट हो गई, जिनमें अधिकांश दुकानें राजस्थान प्रदेश के व्यापारियों की हैं। इस अग्निकांड ने व्यापारियों सहित मार्केट में काम करने वाले अनेक मजदूरों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है।

पूनिया ने आग्रह किया कि उक्त अग्नि विभीषिका से प्रभावित व्यापारियों एवं मजदूरों को नियमानुसार उचित मुआवजा या आर्थिक पैकेज की घोषणा करवाएं ताकि प्रभावित व्यापारियों और मजदूरों को शीघ्रताशीघ्र राहत मिल सके।

उल्लेखनीय है कि सतीश पूनियां ने 26 फरवरी को ट्वीट के माध्यम से गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल को अग्नि विभीषिका से प्रभावित राजस्थानी व्यापारियों को आर्थिक पैकेज देने का आग्रह किया था।

# स्पा सेंटर से तीन पुरुष और दो महिला गिरफ्तार

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने भी अवैध रूप से संचालित वेलकम थाई स्पा सेंटर और रॉयल ग्रीन स्पा सेंटर में कार्रवाई करते हुए तीन पुरुष और दो महिलाओं को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने भी अवैध रूप से संचालित वेलकम थाई स्पा सेंटर और रॉयल ग्रीन स्पा सेंटर में कार्रवाई करते हुए विक्की शर्मा,शुभंकर विश्वास,अजहरुद्दीन शेख, संगीता यादव और ज्योति प्रजापत को शांति भंग में गिरफ्तार किया है।

# सी.एम.को धमकी मामले में चार आरोपित प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मारने की धमकी भरे कॉल मामले में चारों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री को धमकी देने के मामले में पकड़े चारों आरोपी दौसा जेल में बंद थे। पुलिस ने शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश कर चारों आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया है। थानाधिकारी बनवारी लाल मीना ने बताया कि दौसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी रिंकू उर्फ रण्डवा पुत्र पप्पूराम निवासी हरसौरा अलवर, शहजाद खान उर्फ साजिद पुत्र सलीम खान निवासी उन्नाव उत्तर प्रदेश हाल संजय नगर-ई झोटवाड़ा, जयनारायण पुत्र हरसहाय मीणा निवासी सदर दौसा और राकेश जोशी पुत्र दुर्गाप्रसाद जोशी निवासी सदर दौसा को गिरफ्तार किया गया है। दौसा जेल में रिंकू उर्फ रंडवा और शहजाद खान उर्फ साजिद दोनों ही पोक्सो के मामले में बंद है। जानकारी के अनुसार सात दिन पहले श्यालावास दौसा स्थित सेंट्रल जेल में बंदी रिंकू उर्फ रण्डवा ने जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर सीएम शर्मा को मारने की धमकी दी थी।

# फायरिंग कराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 22 फरवरी को प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहे पिता पर फायरिंग करवाने वाला पुत्र व उसकी प्रेमिका सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**

**जयपुर।** बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 22 फरवरी को प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहे पिता पर फायरिंग करवाने वाला पुत्र व उसकी प्रेमिका सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथियार एक देशी कट्टा, 4 जिन्दा कारतूस, 1 खाली केस व वाहन कार स्विफ्ट कार भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- **प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहे पिता पर फायरिंग कराने का मामला**

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि गरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 22 फरवरी को प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहे पिता पर फायरिंग करवाने वाले पुत्र जितेन्द्र उर्फ जीतू निवासी फागी जिला जयपुर हाल दहमी कलां बगरू,उसकी प्रेमिका सुमित्रा चौधरी निवासी दुदु जिला जयपुर हाल बगरु जयपुर,रिंकू चौधरी निवासी सांगानेर सदर जयपुर और बलवंत सिंह निवासी कोटखावदा हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित जितेन्द्र चौधरी व उसकी प्रेमिका सुमित्रा चौधरी पिछले करीब 2 वर्षों एक साथ अपने घर से दूर जयपुर में निवास कर रहे है। आरोपी जितेन्द्र चौधरी उर्फ जीतू पूर्व से शादीशुदा है जिसके दो संतान है। आरोपी जितेन्द्र चौधरी के पिता परिवादी हनुमान चौधरी और आरोपी जितेन्द्र चौधरी उर्फ जीतू को अपने घर ले जाना चाहते थे। परन्तु जितेन्द्र चौधरी उर्फ जितु अपनी प्रेमिका के साथ रहना चाहता है तथा नशे का आदि है। परिवादी के दबाव के कारण आरोपी जितेन्द्र चौधरी व उसकी प्रेमिका ने परिवादी को जान से मारने की नियत से अन्य आरोपित रिंकू सिंह व बलवंत के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचकर सुनियोजित योजना के बाइस फरवरी की शाम को आरोपित रिंकू सिंह व बलवन्त ने ग्राम टिल्यावास के पास परिवादी हनुमान चौधरी पर जान से मारने की नियत से देशी कट्टा से फायरिंग कर दिया ।परन्तु निशाना चूक जाने के कारण गोली परिवादी को नहीं लगी।

# राजेश रेड्डी की दिलकश शायरी ने जबर्दस्त समाँ बांधा

**जयपुर।** विकल्प नाट्यय संगठन के स्वर्ण जयंती उत्सव के अवसर पर जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में शनिवार को देश के ख्यातनाम शायर राजेश रेड्डी ने जीवन से जुड़ी अपनी शानदार और दिल की गहराई तक पहुँचने वाली दिलकश शायरी से सुनने वालों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। उनकी तमाम गज़लों को श्रोताओं ने तल्लीनता से सुना और बार बार करतल ध्वनि कर दाद दी। श्रोताओं ने उनकी गज़लों को अपने दिल के करीब पाया।

जब उन्होने ये शेर सुनाया कि "शाम को जिस वक़्त ख़ाली हाथ घर जाता हूँ मैं,मुस्कुरा देते हैं बच्चे और मर जाता हूँ मैं" तो श्रोता वाह वाह कर उठे । रेड्डी की शायरी इंसानियत और लोगों की ज़िंदगी की हकीकत से वाबस्ता रही और उसके तार लोगों के दिलों से जुडते चले गए। आज के बच्चों के मनोभावों का इजहार उन्होने अपनी शायरी के इन लफ्जों में बयान किया- "मिरे दिल के किसी कोने में इक मासूम सा बच्चा, बड़ों की देख कर दुनिया बड़ा होने से डरता है।"

अभिव्यक्ति की आज़ादी पर भी रेड्डी ने एक मौजू शेर सुनाया, "सर क़लम होंगे कल यहाँ उन के, जिन के मुँह में ज़बान बाक़ी है।" गजल के एक और शेर - पहले इक आसमान पैदा कर फ़िर परों में उड़ान पैदा कर, अपनी आँखों से ज़िन्दगी को पढ़ अपने अनुभव से ज्ञान पैदा कर" पेश करके इंसान को ताकतवर बनने और अपने अंदर काबिलियत हासिल करने का जज्बा पैदा किया।

जिंदगी के सुख-दुख का फलसफा बयान करते हुए उनके इस शेर को भी लोगों से जबर्दस्त दाद मिली "जैसे ग़लत पते पे चला आए कोई शख़्स,सुख ऐसे मेरे दर पे रुका और गुज़र गया।" इसी तरह उन्होने अपने एक शेर से अन्नदाता और मेहनतकश किसान की जिंदगी का बयान किया और खूब तालियाँ बटोरी। शेर था "मिलती हैं कितनी रोटियाँ मेहनत की धूप में, पूछे कोई ये खेत में जा कर किसान से।" आज की सियासत पर नेताओं के लच्छेदार और अवाम को भरमाने वाली तकरीरों पर तंज़ करता हुआ यह मौजू शेर सुनाया "लफ़्ज़ों के हेर-फेर से बाज़ी पलट गई, हर शख़्स आ गया है सियासत की चाल में।" लगभग एक घंटे की शायरी में उन्होने करिश्माई समाँ बांधे रखा।

राजेश रेड्डी ने अपनी शाइरी का एक मौज़ूं इंसानियत को बनाया और इंसानियत को उन्होंने मज़हब की मीनारों से भी ऊपर माना : उनका प्रभावशाली शेर था -गीता हूँ कुरआन हूँ मैं मुझको पढ़ इन्सान हूँ मैं,मैं इन्साँ था, इन्साँ हूँ, इन्साँ रहूँगा जो करना हो हिन्दू-मुसलमान कर लें। बेच डाला हमने कल अपना ज़मीर,ज़िन्दगी का आख़िरी ज़ेवर गया सोना था फ़क़त- लोग जो बाज़ार से ले आएबेच आए जो बाज़ार में ज़ेवर तो वही था।"



**ज्ञानचंद मोदी फाउंडेशन के ट्रस्टी राहुल मोदी ने विकल्प के संरक्षक मुकुन्द देव अग्रवाल को विकल्प रत्न, अध्यक्ष मोहनलाल गोयल को विकल्प विभूषण, संस्थापक सदस्य राजेश रेड्डी और हरिनारायण को विकल्प भूषण तथा रंगकर्म और लेखन से जुड़े एस.एन.पुरोहित, फारूक आफ़रीदी, प्रेमचंद गांधी और सुशील गुप्ता को कलम के योद्धा सम्मान से नवाजा गया।**

- **संगीतकार पद्मश्री अली-गनी ने मांड के सुमधुर रंग बिखेरे**
- **अंधेर नगरी रिटर्न्स नाटक की भी हुई शानदार प्रस्तुति**

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मांड गायक और प्रसिद्ध संगीतकार पद्मश्री अली गनी ने मांड राग में "बालम आओ नी पधारो म्हारे देस" सुनाकर अपनी मधुर स्वर लहरियों से सभी को मरुधरा की समृद्ध संस्कृति और विरासत से रूबरू कराया।

इससे पूर्व अनिल मारवाड़ी के निर्देशन मे विकल्प के कलाकारों ने जल, पर्यावरण संरक्षण तथा बढ़ते राजनैतिक भ्रष्टाचार पर तंज़ करने वाला नाटक "अंधेर नगरी रिटर्न्स " प्रस्तुत किया जो बहुत प्रभावी रहा ।

मुख्य अतिथि हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्व विद्यालय की कुलपति डॉ.सुधि राजीव ने कहा कि समाज में स्वस्थ मनोरंजन और सांस्कृतिक अभिरुचि जाग्रत करने में रंगकर्मियों की अहम भूमिका है। नाटक हमारे समाज का आईना प्रस्तुत करते हैं। सामाजिक विसंगतियों, बुराइयों और भ्रष्टाचार को समाप्त करने में राष्ट्रीय जन मंच (इप्टा) के हमारे सांस्कृतिक पुरोधाओं ने यह कार्य बखूबी किया है और इसे जारी रखना हमारी ज़िम्मेदारी है। फिल्म संगीतकार और सुप्रसिद्ध माँड गायक पद्मश्री उस्ताद अली गनी विशिष्ट अतिथि थे। प्रारम्भ मे अध्यक्ष मोहनलाल गोयल और संयोजक फारूक आफरीदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं महासचिव ने विकल्प की 50 बरस की यात्रा की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उत्सव के दौरान विकल्प की पचास वर्ष की रंगयात्रा पर फारूक आफरीदी द्वारा संपादित समरिका का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और ज्ञानचंद मोदी फाउंडेशन के ट्रस्टी राहुल मोदी ने विकल्प के संरक्षक मुकुन्द देव अग्रवाल को विकल्प रत्न,अध्यक्ष मोहनलाल गोयल को विकल्प विभूषण, संस्थापक सदस्य राजेश रेड्डी और हरिनारायण को विकल्प भूषण तथा रंगकर्म और लेखन से जुड़े एस.एन.पुरोहित, फारूक आफ़रीदी, प्रेमचंद गांधी और सुशील गुप्ता को कलम के योद्धा सम्मान से नवाजा गया। साथ ही संगठन के 38 सदस्यों को विकल्प गौरव सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन गौरव शर्मा और सुशील गुप्ता ने किया।

